**प्रेस नोट**

**दिनांक 16.10.2025**

**साइबर सुरक्षा जागरूकता माह अक्टूबर के दृष्टिगत, साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।**

आज दिनांक 16.10.2025 को श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन प्रयागराज तथा पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम द्वारा राजकीय हाईस्कूल कुछेछा में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं छात्र-छात्राओं में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम एवं उनकी टीम द्वारा छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों को साइबर अपराध के विभिन्न स्वरूपों, उनसे बचाव के उपायों तथा ऑनलाइन सुरक्षित व्यवहार के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। टीम द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी **फोन कॉल, सोशल मीडिया, यूपीआई, फिशिंग लिंक, ऑनलाइन फ्रॉड आदि माध्यमों से ठगी का** प्रयास करते हैं। उपस्थित विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी या बैंक संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करें तथा किसी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल **टोल फ्री नम्बर 1930 अथवा www.cybercrime.gov.in पोर्टल पर शिकायत** दर्ज करें।

साइबर थाना टीम द्वारा विद्यार्थियों को वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से सतर्क रहने के व्यावहारिक तरीके बताए गए। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग करते हुए साइबर सुरक्षा से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका समाधान टीम द्वारा किया गया। अंत में उपस्थित सभी को साइबर अपराधों से सतर्क रहने की शपथ दिलाई गई एवं अपील की गई कि वे अपने परिजनों व परिचितों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम का उद्देश्य साइबर अपराधों की रोकथाम एवं त्वरित कार्रवाई की क्षमता को और सुदृढ़ करना है।